मुख्यमंत्री ने किया 2741 करोड़ रुपए की 347 परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास

चर्चा में क्यों?

18 जुलाई, 2023 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने राज्य के नूंह ज़िला के फिरोजपुर झिरका से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 2741 करोड़ रुपए की 347 परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया।

प्रमुख बिंदु

- इन परियोजनाओं में 1270 करोड़ रुपए की लागत की 157 परियोजनाओं का उद्घाटन तथा 1462 करोड़ रुपए की लागत की 190 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है।
- मुख्यमंत्री ने फिरोजपुर झिरका में नूंह ज़िला की भी 305 करोड़ रुपए की 9 परियोजनाओं को ज़िलावासियों को समर्पित किया। ज़िलों में आयोजित कार्यक्रमों में मंत्रीगण, सांसदों और विधायकों ने विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया।
- मुख्यमंत्री ने नूंह विधानसभा क्षेत्र के 66 गाँवों के लिये 4 नई पेयजल परियोजनाओं की घोषणा की। इस पर लगभग 306 करोड़ रुपए खर्च होंगे। वहीं नूंह से मुंडा का गाँव तक की सड़क के निर्माण की भी घोषणा की।
- इसके अलावा, फिरोजपुर झिरका में 80 गाँवों में पेयजल क्षमता को 55 एलपीसीडी से बढ़ाकर 70 एलसीपीडी करने की भी घोषणा की।
- इन परियोजनाओं की 2741 करोड़ रुपए की लागत जोड़ने पर यह लगभग 15 हज़ार करोड़ हो जाती है। इस तरह डिजिटिली एक ही स्थान से इतने व्यापक स्तर पर परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करना ई-गवर्नेंस का एक बड़ा उदाहरण है, इससे समय और पैसे की भी बचत हुई है।
- उद्घाटन की गई रैनीवेल आधारित पेयजल योजना नूंह ज़िला के लिये सबसे बड़ी परियोजना है, जिसका सीधा लाभ फिरोजपुर झिरका के क्षेत्रवासियों को होगा।
- विदित है कि इस इलाके के लोग जब रमजान में रोज़े रखते थे और सायंकाल के समय जब रोजा तोड़ते थे तो उनको पानी की आवश्यकता होती है, जो उन्हें मौल खरीदकर पानी लेना पड़ता था। अब इस परियोजना से लोगों को पानी खरीदना नहीं पड़ेगा।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cm-inaugurated-laid-the-foundation-stone-of-347-projects-worth-2741-crore